आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर कल बिलासपुर में होगा राज्य स्तरीय समारोह–मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।
- भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ शिमला में निकाली आक्रोष रैली–सरकार पर हर मोर्चे पर नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में सीएसआर के तहत पिछले तीन वर्षों में 3 सौ 85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की गई खर्च।
- कुल्लू ज़िले के शकैलड़ में निजी बस दुर्घटना में चालक समेत 3 लोगों की मृत्यु।

बधाई

प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर कल बिलासपुर के लुहणू मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। मुख्यमयंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मात्र 15 महीने में 5 गांरटियों को पूरा किया है और बाकी गारंटियों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समारोह का आयोजन 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' थीम पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

आक्रोश रैली

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आक्रोश रैलियां निकाल रही है। इसी कड़ी में आज भाजपा ने सीटीओ से शेरे ए पंजाब तक आक्रोश रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली में प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर 2 वर्षों में हर क्षेत्र में नाकाम रहने के आरोप लगाते हुए कहा कि आज जब प्रदेश की स्थिति ठीक नहीं है तो ऐसे में सरकार द्वारा मनाया जाने वाला जश्न बर्बादी का जश्न मात्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और कर्मचारियों को ठगा है।
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि जन आक्रोश रैली के माध्यम से प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज शिमला के अलावा देहरा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में भी जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया।

आक्रोश रैली–2

बिंदल ने कहा कि दो साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार हर स्तर पर नाकाम रही है ऐसे में सरकार जश्न किस बात का मना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की है और जनता के साथ वादाखिलाफी हुई है।

एम.ओ.यू.

प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित राज्य के चार ग्रीन कॉरिडोर में सुविधाएं बढ़ाने के लिए आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में परिवहन विभाग और दो कम्पनियों के बीच एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। इसके तहत जीओ–बीपी कम्पनी मंडी–जोगिन्द्रनगर– पठानकोट सहित कीरतपुर–मनाली– केलंग जबकि ई.वी.आई. टैक्नोलॉजी कम्पनी परवाणु– ऊना– संसारपुर टेरेस– नूरपुर और परवाणु– शिमला– रिकांगपिओ– लोसर ग्रीन कॉरिडोर विकसित करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कम्पनियां एक साल के भीतर 41 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन, वे –साइड सुविधाएं और सुपर मार्केट स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि कम्पनियां राज्य सरकार को लगभग 75 लाख रूपए प्रतिवर्ष लीज मनी के रूप में प्रदान करेंगी। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 3 सौ 50 ई बसों की खरीद करने जा रही है और प्रदेश का परिवहन विभाग देश में ऐसा पहला विभाग है जहां सभी वाहन इलैक्ट्रिक हैं।

मुख्यमंत्री

गूगल इंडिया के प्रमुख आशीष वट्टल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं में सकारात्मक बदलाव के दृष्टिगत एआई–संचालित पहलों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रम और रोजगार विभाग के माध्यम से गूगल के साथ मिलकर 'पीपल्स एम्पावरमेंट प्लेटफॉर्म' विकसित करने की योजना तैयार की है।

सिकंदर कुमार

हिमाचल प्रदेश में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर के तहत पिछले तीन वर्षों में तीन सौ 85 करोड़ रूपए से अधिक की राशि खर्च की गई है। केंद्रीय कॉर्पोरेट राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आज राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएसआर गतिविधियों के तहत वित्त वर्ष 2020–21 में हिमाचल में एक सौ 6 करोड़ 31 लाख, 2021–22 में एक सौ 40 करोड़ 22 लाख और वित्त वर्ष 2022–23 में एक सौ 38 करोड़ 52 लाख रूपए खर्च किए गए। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2020 से 2023 तक मंडी जिला में 9 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई। सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल में हरित हाईड्रोजन परियोजना की स्थापना के संबंध में केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाईक से भी जानकारी मांगी। इसके जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित हाईड्रोजन मिशन को कियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित करने के लिए कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है, लेकिन एसजेवीएन और ऑयल इंडिया लिमिटेड ने हिमाचल में हरित हाईड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए स्वतंत्र रूप से पहल की

## दुर्घटना

कुल्लू जिले में आनी उपमंडल के शवाड–निगान सड़क मार्ग पर शकैलड़ के पास आज एक निजी बस दुर्घटना में चालक समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। ये बस करसोग से आनी आ रही थी और इसमें करीब 42 लोग सवार थे। घायलों को आईजीएमसी शिमला और रामपुर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। आनी के तहसीलदार भीम सिंह नेगी ने कहा कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू जिले के शवाड़ में हुई इस बस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावितों को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और जिला प्रशासन को उन्हें बेहतर उपचार सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## याचिका समिति

प्रदेश विधानसभा में 28 वर्षों के बाद याचिका समिति का गठन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस समिति के सभापति होंगे और समिति में सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य शामिल किए गए हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि समिति के गठन से लोगों को जल्द न्याय मिलेगा और उनके पैसों की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य प्रशासनिक मामलों को समय रहते सुलझाना और आम लोगों को न्याय प्रदान करना है।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ये बात आज उन्होंने ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला में दुराना–सिरमनी–सिहूणी सड़क के नवीनीकरण कार्य के शुभारंभ अवसर पर कही। चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ज्वाली और नगरोटा सूरयां के बीच गज्ज खड्ड पर पुल का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए 87 करोड़ रूपए स्वीकृत कर दिए गए हैं।

## इंडिया हेकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन 2024 के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर में 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में एक हजार 3 सौ से अधिक विद्यार्थी टीमें भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ कठिन समस्याओं का समाधान करने का एक मंच विद्यार्थियों को प्रदान करने संबंधी एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस तरह उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या सुलझाने की मनोदशा विकसित की जा सकती है।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति विकास निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों का एक समान कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शांडिल ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब परिवारों की समय पर सहायता करने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाने में अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।